14वीं विधानसभा, 10वाँ सत्र

प्रश्न सं. 4322

अतारांकित

प्रदेश में आयुष पद्धतियाँ संचालित को मान्यता देने हेतु गठित कमेटी

श्री रतन लाल जलधारी

प्रश्न

(1) प्रदेश में आयुष विभाग अन्तर्गत कौन–कौनसी पद्धतियां संचालित है ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) प्रदेश में हर्बल चिकित्सा पद्धति इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति के रुप में उपचार में प्रचलित, यदि हां, तो कहां–कहां इस पद्धति से उपचार कर मरीजों को लाभान्वित किया गया ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार हर्बल चिकित्सा पद्धति इलैक्ट्रोपैथी को सरकारी मान्यता देने का विचार रखती है ? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों नहीं ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर –

(1) प्रदेश में आयुष विभागान्‍र्तत आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा तथा इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धतियाँ वर्तमान में संचालित हैं।

(2) इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति प्रदेश के कुछ हिस्से में चिकित्सा पद्धति के रुप में प्रयोग में ली जा रही है।

(3) जी हाँ। इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति को मान्यता हेतु राजस्थान इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा विधेयक, 2018 राजस्थान में पारित हो चुका है।